थाना नौबस्ता, पुलिस मुठभेड़

आज दिनांक 5/7/24 को प्रातः करीब 9:00 बजे स्थानीय लोगों द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि नौबस्ता बाईपास चौराहे पर कचौड़ी वाला दुकान के सामने लगे फल ठेले के पास स्टूल पर बैठे हरिकरन सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री हनुमान सिंह उम्र 58 वर्ष निवासी 540 सी डब्लू-2 ताज नगर बर्रा थाना हनुमन्त विहार कानपुर नगर को अज्ञात व्यक्ति द्वारा सर में गोली मार दी गयी हैं। इस सूचना पर मय फोर्स के तत्काल मौके पर पहुँच कर स्थानीय लोगों की मदद से हरिकरन सिंह को नजदीकी धन्वंतरी हॉस्पिटल में लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे हेलेट अस्पताल रेफर कर दिया हैलट अस्पताल में उपचार के दौरान डॉक्टरों ने हरिकरन सिंह को मृतक घोषित कर दिया नियमानुसार पंचायत नामा की कार्रवाई की गई तथा मृतक हरिकरन सिंह के पुत्र श्री अमित कुमार द्वारा लिखित तहरीर दी गयी जिसके आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0- 318/24 धारा 103(1) वीएनएस पंजीकृत किया गया। तथा घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को बुलाकर निरीक्षण कराया गया एवं घटनास्थल के आस पास त्रिनेत्र अभियान के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाला गया तो अज्ञात व्यक्ति द्वारा घटना कारित करते हुए देखा गया जिसकी फुटेज को आस-पास को लोंगो को व टैक्सी ड्राईवरो को दिखाया गया तो जनता को लोंगो द्वारा उस व्यक्ति की पहिचान सौरभ सचान पुत्र श्री भूप नारायण सचान निवासी ग्राम दहेली पोस्ट दहेली थाना रेउना कानपुर नगर को रूप में की गयी तथा वताया गया कि सौरभ सचान अपनी मारुति वैन से घटना कारित करने में आना व जाना वताया गया तथा प्राप्त मोबाइल नंम्वर की लोकेशन के आधार पर प्रकाश में आए अभियुक्त सौरभ सचान की गिरफ्तारी उसके गांव दहेली से की गई गिरफ्तार अभियुक्त सौरभ सचान से पूछताछ किया गया तो उसने नौबस्ता बाईपास पर सवारी बैठाने व अपनी अपनी गाड़ी में पहले सवारी भरने को लेकर विवाद बताया गया जिससे उसने मृतक हरिकरन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी हत्या में प्रयोग किया गया तमंचा के बारे में जानकारी की गई तो अभियुक्त सौरभ सचान इधर-उधर घूमता रहा और कभी विधनू नहर तो कभी कहीं बताता रहा कड़ाई से पूछने पर उसने विराट नगर चौकी क्षेत्र स्थित ,सीओडी नाला के जंगलों में पेड़ के नीचे छिपाना बताया जिसे साथ लेकर आलाकत्ल की वरामदगी हेतु उसके बताए गए स्थान पर ले जाया गया जहां उसने छिपाए हुए तमंचे को उठाकर भागने लगा और पुलिस पर मुड़कर फायर किया जवाब में पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में फायर किया गया जिसमें एक राउंड अभियुक्त सौरव सचान के लगी और वह गिर गया तत्पश्चात उसे घेर कर पकड़ लिया गया तथा थाना मोबाइल से पर्याप्त पुलिस बल के द्वारा काशीराम हॉस्पिटल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हैलट हास्पिटल रेफर कर दिया गया, जहां पर उपचरा चल रहा है, उक्त घटना क्रम की सूचना फोरेन्सिक टीम व उच्च अधिकारियों को मौके पर तत्काल दी गयी एंव अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।